**Regarding irrigation projects in Uttar Pradesh**

**श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज):** अध्यक्ष महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र, यू.पी. के किसान सिंचाई के अभाव में आज तक परेशान रहते हैं । समाजवादी पार्टी की सरकार में सोनभद्र जिले के दुद्धी विधान सभा क्षेत्र में 500 रुपये से ज्यादा की लागत से कनहर परियोजना बनायी गयी थी । मगर, नहर-नाली न बनने से दुद्धी विधान सभा के किसान आज तक पानी के लिए तरस रहे हैं । बाणसागर परियोजना का पानी अहिरौरा बांध में गिराकर वहां से भोका, चकिया, चन्दौली बँधी में पानी लाया जाए, ताकि पूरे जनपद को सिंचाई के लिए पानी मिल सके ।

सर, बाणसागर परियोजना मिर्ज़ापुर और सोनभद्र के बॉर्डर पर है । हम चाहते हैं कि उसे धंधरौल बाँध तक कर दिया जाए, जिससे वहां के सभी किसानों को पानी मिल जाए । अभी 50 लाख करोड़ रुपये के बजट की अनुदान मांगों को स्वीकृत किया गया है । अगर इसका पैसा एक बार हमारे संसदीय क्षेत्र में भी आ जाएगा तो किसानों की ?बल्ले-बल्ले? हो जाएगी ।

महोदय, नगवा बांध से छोटा नाव के जरिए लिफ्ट से करही बँधी, देवरी बँधी, बलियारी बँधी में पानी दिया जाए एवं जसौली परियोजना लिफ्ट बनाकर 60 गांवों के किसानों को पानी दिया जाए ।

सोन लिफ्ट से स्पेन लिफ्ट, जहां पानी नहर में आता है, वहां बांध से छोटा लिफ्ट बना कर भेलाही बँधी में पानी छोड़कर घोरावल विधान सभा में पानी दिया जाए ।

बहुत-बहुत धन्यवाद ।